पत्रिका

1480 विद्यार्थियों को प्रदान की जाएंगी उपाधि

अब 24 फरवरी को आयोजित होगा एसकेआरएयू का दीक्षांत समारोह

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

बीकानेर. स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय का इक्कीसवां दीक्षांत समारोह 24 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। कुलपति डॉ. अरुण कुमार ने बताया कि समारोह 25 फरवरी के स्थान पर अब 24 फरवरी को राज्यपाल और कुलाधिपति हरिभाऊ किसनराव बागड़े के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होगा। विश्वविद्यालय के विद्या मंडप सभागार में आयोजित होने वाले इस समारोह में 1480 विद्यार्थियों को विभिन्न शैक्षणिक उपाधि प्रदान की जाएगी। कुलपति ने बताया कि समारोह के विशिष्ट अतिथि महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय उदयपुर एवं श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर के पूर्व कुलपति डॉ. नरेन्द्र सिंह राठौड़ होंगे। दीक्षांत अतिथि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के पूर्व महानिदेशक एवं कृषि अनुसंधान व शिक्षा विभाग के पूर्व सचिव डॉ मंगला राय होंगे। कुलपति ने दीक्षांत समारोह की तैयारी के संबंध में बुधवार को विभिन्न समितियों के साथ समीक्षा बैठक ली।

समारोह में राज्यपाल एवं कुलाधिपति प्रदान करेंगे उपाधि

दीक्षांत समारोह में राज्यपाल एवं कुलाधिपति की ओर से कृषि संकाय, सामुदायिक विज्ञान संकाय और आईएबीएम के 1480 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की जाएगी। जिसमें कृषि संकाय के अंतर्गत स्नातक (यूजी) के 1324, स्नातकोत्तर (पीजी) के 40 और विद्या वाचस्पति (पीएचईडी) के 17 विद्यार्थी शामिल हैं। सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के स्नातक के 22, स्नातकोत्तर के 6 और विद्या वाचस्पति के 2 विद्यार्थी भी शामिल हैं। समारोह में राज्यपाल 13 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और 2 विद्यार्थियों को कुलाधिपति स्वर्ण पदक से सम्मानित करेंगे। स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले 13 विद्यार्थियों में से स्नातक के 2, स्नातकोत्तर के 10 और विद्यावाचस्पति का 1 विद्यार्थी शामिल हैं। स्नातक और स्नातकोत्तर के 1-1 विद्यार्थी को कुलाधिपति स्वर्ण पदक से सम्मानित किया जाएगा।

20/02/2025 | Bikaner City | Page : 2
Source : https://epaper.patrika.com/

दैनिक भास्कर

बीकानेर 20-02-2025

कृषि विश्वविद्यालय: दीक्षांत समारोह की तिथि बदली, अब 24 फरवरी को होगा

बीकानेर | स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह की तिथि में बदलाव किया गया है। विश्वविद्यालय का 21वां दीक्षांत समारोह अब 24 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। जबकि पूर्व में समारोह 25 फरवरी को आयोजित किया जाना था। कुलपति डॉ. अरुण कुमार ने बताया कि दीक्षांत समारोह 25 फरवरी के स्थान पर अब 24 फरवरी को राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होगा। विश्वविद्यालय के विद्या मंडप सभागार में आयोजित होने वाले इस समारोह में 1480 विद्यार्थियों को विभिन्न शैक्षणिक उपाधि प्रदान की जाएगी। कुलपति ने बताया कि समारोह के विशिष्ट अतिथि महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर एवं श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर के पूर्व कुलपति डॉ. नरेन्द्र सिंह राठौड़ होंगे। दीक्षांत अतिथि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के पूर्व महानिदेशक एवं कृषि अनुसंधान व शिक्षा विभाग के पूर्व सचिव डॉ. मंगला राय होंगे। कुलपति डॉ. अरुण कुमार ने दीक्षांत समारोह की तैयारी के संबंध में बुधवार को विभिन्न समितियां के साथ समीक्षा बैठक ली और सभी तैयारियां समय पर पूरी करने के निर्देश दिए।

यूजी-पीजी के 1480 विद्यार्थियों को मिलेगी डिग्री

दीक्षांत समारोह में राज्यपाल एवं कुलाधिपति द्वारा कृषि संकाय, सामुदायिक विज्ञान संकाय और आईएबीएम के कुल 1480 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की जाएगी। जिसमें कृषि संकाय के अंतर्गत स्नातक (यूजी) के 1324, स्नातकोत्तर (पीजी) के 40 और विद्या वाचस्पति (पीएचईडी) के 17 विद्यार्थी शामिल हैं। सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के स्नातक के 22, स्नातकोत्तर के 06 और विद्या वाचस्पति के 02 विद्यार्थी भी शामिल हैं।

13 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक

समारोह में राज्यपाल 13 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और 2 विद्यार्थियों को कुलाधिपति स्वर्ण पदक से सम्मानित करेंगे। स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले 13 विद्यार्थियों में से स्नातक के 2, स्नातकोत्तर के 10 और विद्यावाचस्पति का 1 विद्यार्थी शामिल है। स्नातक और स्नातकोत्तर के 1-1 विद्यार्थी को कुलाधिपति स्वर्ण पदक से सम्मानित किया जाएगा।